जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,बैतूल

स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ

वार्षिक प्रतिवेदन

सत्र 2020-21

J H Govt P G College, Betul

पालन-प्रतिवेदन

स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन योजना

सत्र- 2020-21

शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाने तथा तद्रूप विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को विकसित करने के उद्देश्य से महाविद्यालय के कक्ष क्रमांक-5 में स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन एवं व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ विद्यमान है। प्रकोष्ठ में शासन के निर्देशानुसार व्याख्यानों, प्रशिक्षणों एवं अन्य गतिविधियो का संचालन किया जाता है। सत्र 2020-21 में आयोजित गतिविधियों का संचालन विवरण निम्ननुसार है:

1. **इंडक्शन प्रोग्राम (29 एवं 30 दिसम्बर 2020):** स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित विभागों, महाविद्यालय में कार्यरत शैक्षणिक/अशैक्षणिक अधिकारियों, सत्र में आयोजित गतिविधियों, ग्रंथलाय, क्रीडा विभाग, एनएसएस, एनसीसी, छात्रवृतियों, रेमेडियल क्लास आदि से सम्बधित जानकारी इंडक्शन प्रोग्राम के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रदान की गयी।
2. **व्याख्यान:** स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन योजना, उच्च शिक्षा भोपाल, मध्यप्रदेश के कॅरियर कैलेंडर शैक्षणिक सत्र 2020-2021 के अनुसार महाविद्यालय में प्रतिमाह व्याख्यानों और गतिविधियों का आयोजन किया गया।
3. **विद्यार्थियों का अभिमत:** आयोजित व्याख्यानों एवं गतिविधियों के उपरान्त सत्र के अन्त में फिडबैक फॉर्म के माध्यम से विद्यार्थियों का अभिमत लिया गया।

4. **जिला स्तर निबंध प्रतियोगिता:** "आजादी के अमृत महोत्सव" के परिपेक्ष्य मे दांडी मार्च वर्षगांठ पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन संस्था स्तर (विषय: दांडी मार्च और महात्मा गांधी) एवं जिला स्तर (विषय: महात्मा गांधी की स्वदेशी अवधारणा) पर किया गया। साथ ही संस्था स्तर पर भाषण प्रतियोगिता (विषय:- आजादी से आज तक भारत:मेरी नजर में) का आयोजन किया गया।
5. **अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण:** स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन योजना मध्यप्रदेश भोपाल, अल्पावधि रोजगार प्रशिक्षण योजना क्रमांक-7851 के अनतर्गत "अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण" 1 फरवरी 2021 से 26 फरवरी 2021 तक नरोन्हा अकादमी भोपाल द्वारा आयोजित ऑनलाईन प्रशिक्षण महाविद्यालय के 84 विद्यार्थियों तथा 6 मेन्टर्स द्वारा (प्रत्येक दिवस 2 घण्टे कुल 50 घण्टे) सफलतापूर्वक प्राप्त किया।
6. **शिक्षक-अभिभावक:** विद्यार्थियों के मार्गदर्शन एवं समस्या के निराकरण हेतु शिक्षक अभिभावक योजना के अन्तर्गत महाविद्यालय में सभी शैक्षणिक अधिकारियों को 80 से 110 विद्यार्थियों का शिक्षक अभिभावक नियुक्त किया गया है।
7. **कॅरियर बोर्ड:** छात्र हित में महाविद्यालय में कॅरियर बोर्ड स्थापित किया गया है, इसके माध्यम से विद्यार्थियों को शासकीय/अशासकीय विभागों की नियुक्तियों, स्वरोजगार, आगामी होने वाले प्रशिक्षण, शासकीय योजनाओं इत्यादि की जानकारी प्रदान की गई।

संयोजक

प्राचार्य

Principal
J.H. Govt. P.G. College
Betul